नदियों का लगातार बढ़ रहा जलस्तर, रेस्क्यू टीम अलर्ट पर

नवभारत न्यूज
भिण्ड, 29 जुलाई। सिंध नदी का जलस्तर भिंड जिले में लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे कई क्षेत्रों में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। सिंध नदी खतरे के निशान से लगभग दो मीटर ऊपर बह रही है। मेंहदा घाट पर जलस्तर 122 मीटर दर्ज किया गया है। शिवपुरी स्थित मोहिनी सागर डैम से करीब 9,500 क्यूसेक पानी छोड़े जाने के कारण नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ा है।

इंदुर्खी गांव में युवक की मौत : रौन क्षेत्र के इंदुर्खी गांव में स्थित एक पुरा, जो लगभग 600 की आबादी वाला है, नदी के पानी से घिर गया है। पुलिया पर दस फीट तक पानी आ गया, जिससे मुरारी बाथम नामक युवक बह गया। वह अपने चाचा के घर से लौटते समय पानी में बह गया। गोताखोरों द्वारा शव तलाशने के बाद सोमवार को पुलिस द्वारा पीएम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया।

रामजानकी मंदिर पर फंसे पुजारी को एसडीआरएफ ने बचाया : बिलाव गांव के पास रामजानकी मंदिर में निवास कर रहे त्यागी रामशरण दास महाराज जलभराव के कारण फंस गए। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू कर उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला। स्थिति को देखते हुए आसपास के तटीय गांवों को अलर्ट कर दिया गया है।

गोरमी में बारिश के पानी में दो भाइयों की दर्दनाक मौत : गोरमी तहसील के लिलोई पंचायत अंतर्गत श्यामपुरा गांव में सोमवार शाम एक दर्दनाक हादसा हुआ। बट्टू बाल्मीक के दो मासूम बेटे सौरभ (10) और प्रियांशु (8) बारिश से भरे खार (गड्ढे) में डूब गए, जिससे उनकी मौत हो गई। चचेरे भाई को ग्रामीणों ने समय रहते बचा लिया। बच्चे नहाने के लिए गए थे, लेकिन कीचड़ में फंस जाने से हादसा हो गया। सूचना पर गोरमी पुलिस और नायब तहसीलदार मनीष दुबे मौके पर पहुंचे और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जिम्मेदारों पर कार्रवाई - पटवारी निलंबित, कोटवार बर्खास्त : घटना के बाद जिला प्रशासन ने लापरवाही पर कड़ा रुख अपनाया है। जिला पंचायत सीईओ सुनील दुबे ने श्यामपुरा पंचायत के पटवारी संजय पावन और सचिव भगवान सिंह नरवरिया को निलंबित कर दिया है। वहीं कोटवार जयराम श्रीवास को पद से हटाया गया है। प्रशासन द्वारा आपदा के दृष्टिगत सभी ग्राम स्तरीय अधिकारियों को पंचायतों में उपस्थित रहने और ग्रामीणों को सतर्क करने के निर्देश दिए गए थे, जिनकी अवहेलना पर यह कार्रवाई की गई।

प्रशासन और रेस्क्यू टीमें अलर्ट मोड पर

जिले में हो रही लगातार बारिश के कारण चम्बल, सिंध, क्वारी और बेसली नदियों का जल स्तर सामान्य से अधिक हो गया है। इस स्थिति को देखते हुए कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव ने जिलेवासियों से सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने विशेष रूप से नदियों के आसपास रहने वाले नागरिकों और ग्रामीणों से आग्रह किया है कि वे सावधानी बरतें और नदियों के किनारे अनावश्यक रूप से न जाएं। जिले के अन्य निचले इलाकों में भी बाढ़ की संभावना को देखते हुए प्रशासन अलर्ट मोड पर है। कंट्रोल रूम के नंबर 9244336334 और 8450009249 पर किसी भी आपात स्थिति में संपर्क किया जा सकता है।

श्री वनखंडेश्वर बाबा कांवड़ यात्रा के लिए प्रशासन से सहयोग की मांग

भिंड, 29 जुलाई। आगामी 4 अगस्त श्रावण मास का अंतिम सोमवार को प्रस्तावित श्री वनखंडेश्वर बाबा कांवड़ यात्रा के सफल आयोजन के लिए मंगलवार को लहार एसडीएम कार्यालय में एक ज्ञापन सौंपा गया। यह पवित्र यात्रा सनकुआ धाम जिला दतिया से प्रारंभ होकर श्री वनखंडेश्वर धाम तक श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ निकाली जाएगी। ज्ञापन में प्रशासन से यात्रा मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था, प्राथमिक चिकित्सा, पेयजल की व्यवस्था एवं सुगम ट्रैफिक नियंत्रण की मांग की गई, ताकि श्रद्धालुजन यात्रा के दौरान किसी भी असुविधा के बिना भक्ति भाव से सहभागी हो सकें। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से राम शास्त्री संयोजक, कृष्णकांत शर्मा, शिवाजी गौड़, सत्यम भाटेले, हिमांशु गुप्ता, यश शिवहरे, सिब्बू भदौरिया, प्रिंस शर्मा, पंकज शाक्य, दीपांशु श्रीवास सहित अनेक बाबा के भक्तगण उपस्थित रहे। सभी ने प्रशासन से पूर्ण सहयोग की अपेक्षा जताई ताकि यह पावन यात्रा शांतिपूर्ण और सुरक्षित रूप से संपन्न हो। श्रद्धालुओं ने बताया कि यह यात्रा केवल धार्मिक आस्था नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और एकता का प्रतीक भी है। अत: इसमें सहभागी सभी श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करना आवश्यक है।

अटेर सीएचसी की टीबी यूनिट का निरीक्षण, लापरवाही पर वेतन राजसात

नवभारत न्यूज
भिण्ड, 29 जुलाई। आज जिला क्षय अधिकारी डॉ. देवेश शर्मा एवं डब्ल्यूएचओ के एनटीईपी कंसल्टेंट डॉ. एसएस तोमर ने मंगलवार को सीएचसी अटेर स्थित टीबी यूनिट का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान टीबी नियंत्रण कार्यक्रम एनटीईपी से संबंधित अभिलेख, रिपोर्टिंग, माइक्रोस्कोपी लैब व्यवस्थाएं तथा रिकॉर्ड संधारण की गहन समीक्षा की गई।

निरीक्षण के दौरान सेनिटोरियम ट्रांजिट स्टाफ अरविंद भदकारिया की अनुपस्थिति को गंभीर लापरवाही मानते हुए उनका एक दिन का वेतन राजसात करने के निर्देश जिला क्षय अधिकारी द्वारा मौके पर ही जारी कर दिए गए। इसी क्रम में यह भी पाया गया कि लैब टेक्नीशियन दीपेन्द्र को टीबी डायग्नोस्टिक कार्य के लिए अपेक्षित प्रशिक्षण प्राप्त नहीं है, अत: उन्हें जिला क्षय केन्द्र, भिण्ड में शीघ्र प्रशिक्षण के लिए भेजे जाने के निर्देश दिए गए हैं। इस अवसर पर डॉ. देवेश शर्मा ने यूनिट के समस्त स्टाफ को निर्देशित किया कि टीबी नियंत्रण कार्यक्रम की गुणवत्ता, समयबद्ध रिपोर्टिंग एवं रोगी ट्रैकिंग में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

चंद्रदेव को श्राप मुक्त कर भगवान शिव कहलाए सोमनाथ : आचार्य आशीष

नवभारत न्यूज
मेहगांव, 29 जुलाई। मेहगांव नगर के प्राचीन खेड़ापति हनुमान दरबार पर आयोजित 21 दिवसीय शिवमहापुराण कथा का 19वे दिवस की कथा में कथा वाचक आचार्य आशीष शास्त्री जी ने भगवान शिव की लीलाओं का वर्णन करते हुए 12 ज्योतिर्लिंग की कथा श्रोताओं को श्रवण कराते हुए सोमनाथ ज्योतिर्लिंग की कथा बताई कि पौराणिक कथा के अनुसार, राजा दक्ष ने चंद्रमा को श्राप दिया था, जिसके कारण उनकी चमक कम हो गई थी।

चंद्रमा ने भगवान शिव की आराधना की, और शिवजी ने उन्हें श्राप से मुक्ति दी। इसके बाद, चंद्रमा ने भगवान शिव से उसी स्थान पर ज्योतिर्लिंग के रूप में विराजमान होने की प्रार्थना की, और भगवान शिव ने उनकी प्रार्थना स्वीकार कर ली। और भगवान शिव ज्योतिर्लिंग के रूप में अवतरित हुए और सोमनाथ कहलाए इसी अनुसार नागेश्वर ज्योतिर्लिंग की कथा बताते हुए कहा प्राचीन काल में दारुका नामक एक राक्षस ने भगवान शिव की तपस्या कर वरदान प्राप्त किया था कि वह दारुका वन में जा सकती है, जहाँ कई दैवीय औषधियाँ थीं. उसने उस वन में उत्पात मचाया और सुप्रिया नामक शिव भक्त को बंदी बना लिया. सुप्रिया ने भगवान शिव की तपस्या की, जिससे प्रसन्न होकर भगवान शिव ज्योतिर्लिंग के रूप में प्रकट हुए और राक्षस दारुका का वध किया और नागेश्वर महादेव कहलाए कथा स्थल पर मंदिर महंत श्री श्री 1008 शांति दास जी महाराज के साथ धांधू बाबा, सुट्टू बाबा, गुड्डू बाबा, फक्कड़ बाबा आदि संतों के साथ नगर नागरिक उपस्थित रहे।

'नशे से दूरी है जरूरी' अभियान को लेकर राजीव गांधी स्टेडियम में हुआ जागरूकता कार्यक्रम

नवभारत न्यूज
भिण्ड, 29 जुलाई। एसपी डॉ. असित यादव के निर्देशन में 'नशे से दूरी है जरूरी' अभियान को लेकर मंगलवार को राजीव गांधी खेल स्टेडियम में एक भव्य नशामुक्ति जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस आयोजन में जिले के सैकड़ों युवा खिलाड़ी, खेल प्रशिक्षक, कोच एवं खेलप्रेमी नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का आयोजन पुलिस मुख्यालय द्वारा निर्धारित कार्य योजना के अनुरूप किया गया। अभियान संयोजक सूबेदार आदित्य मिश्रा ने कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए अभियान के उद्देश्य, महत्व और अब तक की गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने 15 जुलाई से प्रारंभ हुए नशा मुक्ति आयोजनों का उल्लेख करते हुए समाज के सभी वर्गों, शासन के विभिन्न विभागों और मीडिया के सहयोग हेतु आभार प्रकट किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता वरिष्ठ खिलाड़ी एवं खेल कोच राधेगोपाल यादव रहे। उन्होंने अपनी स्वयं की रचित कविता के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने का प्रेरणादायक संदेश दिया।

'नशा किया तो चढ़ नहीं पाओगे आगे की सीढ़ी, और नशे से हो जाती बर्बाद हमारी पीढ़ी' : प्रसिद्ध क्रिकेट कोच रवि शेखर कटारे, शिक्षा विभाग के पूर्व खिलाड़ी संदीप सिंह कुशवाह, जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग की प्रशिक्षक एवं एथलेटिक्स कोच वृजबाला यादव, फिटनेस एवं रनिंग कोच शिवम् सिंह तोमर ने भी युवाओं को खेल को जीवन का हिस्सा बनाकर नशे से दूर रहने की प्रेरणा दी।

विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर जिला उपजेल में 134 बंदियों की जांच

नवभारत न्यूज
भिण्ड, 29 जुलाई। हर वर्ष 28 जुलाई को मनाए जाने वाले विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दिवस का उद्देश्य हेपेटाइटिस ए, बी, सी, डी और ई जैसे संक्रमणों के प्रति आमजन में जागरूकता फैलाना और समय पर जांच व टीकाकरण को प्रोत्साहित करना है।

भिण्ड जिले में हेपेटाइटिस बी के 60 मरीज उपचाररत, स्वास्थ्य विभाग ने चलाया जनजागरूकता अभियान

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.एस. यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में भिण्ड जिले में हेपेटाइटिस बी के 60 मरीज जिला अस्पताल में पंजीबद्ध हैं और उपचार प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हेपेटाइटिस लीवर से जुड़ी गंभीर बीमारी है, जिससे शरीर के पाचन और विषैले तत्वों को बाहर निकालने की प्रक्रिया प्रभावित होती है। समय रहते जांच और टीकाकरण से इस बीमारी से बचा जा सकता है। विश्व हेपेटाइटिस दिवस के उपलक्ष्य में जिला उपजेल गोहद में एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया, जहां जिला क्षय अधिकारी डॉ. देवेश शर्मा की निगरानी में 134 बंदियों की हेपेटाइटिस बी और सी की स्क्रीनिंग की गई। स्क्रीनिंग रिपोर्ट के अनुसार कोई भी बंदी संक्रमित नहीं पाया गया, जो कि राहत की बात है।

कार्यक्रम के दौरान निःशुल्क जांच, जागरूकता सत्र और टीकाकरण पर जोर दिया गया। मरीजों, स्वास्थ्य कर्मियों एवं आमजन को बीमारी के लक्षण, सावधानियों और वैक्सीनेशन के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बताया कि हेपेटाइटिस एक मौन रोग है, जिसके लक्षण देर से सामने आते हैं लेकिन समय पर जांच और टीकाकरण से इससे पूरी तरह बचा जा सकता है।

कार्यक्रम में डॉ. आर.एन. राजौरिया सिविल सर्जन, डॉ. अवधेश सोनी डीपीएम, नितिन बाजपेई पीयर सपोर्टर-हेपेटाइटिस, आईसीटीसी व सेंट्रल लैब स्टाफ तथा जय देवी शिक्षा प्रसार समिति लिंक वर्कर परियोजना के समन्वयक बृजेन्द्र शर्मा व उनकी टीम सहित बड़ी संख्या में मरीज, स्वास्थ्यकर्मी एवं आम नागरिक मौजूद रहे। स्वास्थ्य विभाग ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि वे हेपेटाइटिस जैसी गंभीर बीमारी से बचाव के लिए नियमित जांच कराएं, टीकाकरण कराएं और सतर्क रहें।

जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी 65 आवेदकों की समस्याएं

नवभारत न्यूज
भिण्ड, 29 जुलाई। मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में जिलेभर से आए 65 आवेदकों की समस्याओं को कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव ने गंभीरता से सुना और त्वरित निराकरण के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए।

त्वरित समाधान के दिए निर्देश

जनसुनवाई में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी विभिन्न समस्याओं और मांगों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए।

इस जनसुनवाई में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील दुबे, अपर कलेक्टर एल.के. पाण्डेय एवं संयुक्त कलेक्टर शिवांगी अग्रवाल भी उपस्थित रहे। इन अधिकारियों ने भी नागरिकों की समस्याएं सुनते हुए समाधान के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की। कलेक्टर श्रीवास्तव ने जनसुनवाई के दौरान विशेष रूप से गंभीर बीमारियों के इलाज हेतु सहायता, विद्युत बिलों में सुधार, जल आपूर्ति हेतु हैंडपंपों के संधारण, वृद्धावस्था व विधवा पेंशन, सड़क दुर्घटना सहायता राशि, हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ, बीपीएल राशन कार्ड तथा भूमि संबंधी विवाद एवं अतिक्रमण जैसे मामलों पर तत्काल कार्यवाही के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट रूप से कहा कि प्रत्येक आवेदन पर संवेदनशीलता से विचार करते हुए नियमानुसार शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित की जाए और आवेदकों को कार्यवाही की स्थिति से अवगत भी कराया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि समयबद्ध निराकरण के साथ-साथ पारदर्शिता और जवाबदेही बनाए रखना आवश्यक है। जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों में से अधिकांश का प्राथमिक स्तर पर निराकरण कर दिया गया, वहीं शेष आवेदनों को संबंधित विभागों को अग्रेषित कर निर्धारित समय सीमा में कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं।

तहसील गोरमी के श्यामपुरा पटवारी को किया निलंबित

नवभारत न्यूज
मेहगांव, 29 जुलाई। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुविभाग मेहगांव श्री नवनीत शर्मा ने पदीय दायित्वों के प्रति लापरवाही, उदासीनता एवं अनुशासनहीनता बरतने पर तहसील गोरमी के प.ह. श्यामपुरा पटवारी श्री संजय पावक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

निलंबन अवधि में मुख्यालय तहसील गोरमी किया नियत

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुविभाग मेहगांव श्री शर्मा ने निलंबित आदेश जारी कर कहा है कि तहसीलदार तहसील गोरमी के द्वारा दूरभाष पर अवगत कराया है कि ग्राम पंचायत श्यामपुरा के ग्राम लिलोई की सीमा में लिलोई तथा सिकरौदा के बीच बहने वाले नाले में अधिक पानी आ जाने से श्री सौरव पुत्र बंटू बाल्मीक उम्र 10 वर्ष तथा प्रियांशु पुत्र बंटू बाल्मीक उम्र 08 वर्ष के नाले में बह जाने के कारण डूबने से मृत्यु हो गयी है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुविभाग मेहगांव के द्वारा पटवारी बैठक तथा पटवारियों के व्हाट्सऐप ग्रुप पर इस तरह की घटनाओं को रोकने के निर्देश दिए गये थे सोमवार को पटवारी को ग्राम में उपस्थित रहने के निर्देश थे, किंतु श्री संजय पावक पटवारी प.ह. श्यामपुरा आज ग्राम लिलोई व श्यामपुरा में नहीं पहुंचे और न ही उन्होंने इस प्रकार की घटना रोकने के लिए ग्राम में कोई जागरूकता का प्रयास किया। श्री संजय पावक पटवारी प.ह. श्यामपुरा का उक्त कृत्य अपने पदीय दायित्वों के प्रति लापरवाही, उदासीनता एवं अनुशासनहीनता का परिचायक है, जो कि मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3 के विपरीत होकर कदाचरण की श्रेणी में आता है। अत: उक्त कृत्य के लिए श्री संजय पावक पटवारी प.ह. श्यामपुरा, तहसील गोरमी जिला भिण्ड को मध्यप्रदेश सिविल सेवाएं (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय तहसील गोरमी नियत किया जाता है। निलंबन अवधि में इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्रदाय किया जावेगा।

तहसीलदार तहसील गोरमी ने पदीय दायित्वों के प्रति लापरवाही, उदासीनता एवं अनुशासनहीनता बरतने पर ग्राम लिलोई के ग्राम कोटवार श्री जयराम श्रीवास को तत्काल प्रभाव से सेवा से पदच्युत किया है।

तहसीलदार तहसील गोरमी ने आदेश जारी कर कहा है कि ग्रामीणों के द्वारा दूरभाष पर अवगत कराया है कि ग्राम पंचायत श्यामपुरा के ग्राम लिलोई की सीमा में लिलोई तथा सिकरौदा के बीच बहने वाले नाले में अधिक पानी आ जाने से श्री सौरव पुत्र बंटू बाल्मीक उम्र 10 वर्ष तथा प्रियांशु पुत्र बंटू बाल्मीक उम्र 08 वर्ष के नाले में बह जाने के कारण डूबने से मृत्यु हो गयी है।

भाजपा ने किया पौधरोपण, संगठन विस्तार पर दिया जोर

नवभारत न्यूज
भिण्ड, 29 जुलाई। भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय व प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर चलाए जा रहे 'एक पेड़ मां के नाम' पौधरोपण अभियान के अंतर्गत मंगलवार को भाजपा जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया ने अमायन मंडल के ग्राम बछरेंटा में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने संगठनात्मक बैठक में कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए पार्टी की आगामी योजनाओं और अभियानों पर भी चर्चा की।

जिलाध्यक्ष नरवरिया ने कहा कि पौधरोपण कार्यक्रम भाजपा का एक महत्वपूर्ण जन अभियान है, जिसमें हर कार्यकर्ता को एक-एक पेड़ मां के नाम समर्पित करते हुए इस पुनीत कार्य को आगे बढ़ाना चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की विकासोन्मुख योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान करते हुए कहा कि हर मंडल इकाई को इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। पौधरोपण के बाद नरवरिया ने कॉलोनी परिषद क्षेत्र में स्वयं झाड़ू उठाकर सफाई अभियान में भाग लिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को स्वच्छता के प्रति भी जागरूक करते हुए कहा कि स्वस्थ समाज की नींव स्वच्छ वातावरण से ही पड़ती है।

एएसआई की आत्महत्या ने खोली कानून व्यवस्था की पोल : रघु ठाकुर

नवभारत न्यूज
भिण्ड, 29 जुलाई। मध्य प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है, जब दतिया जिले के गोरधन थाने में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) प्रमोद पावन ने आत्महत्या कर ली। यह घटना न केवल पुलिस विभाग में व्याप्त भय और दबाव को उजागर करती है, बल्कि पूरे राज्य की कानून व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाती है।

इस गंभीर प्रकरण पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के संरक्षक रघु ठाकुर ने कहा कि मध्य प्रदेश में अब कानून व्यवस्था की हालत इतनी बदतर हो चुकी है कि आम आदमी तो दूर, खुद पुलिस प्रशासन भी सुरक्षित नहीं रह गया है। उन्होंने कहा कि हर दिन अखबार अपराधों से पटे पड़े हैं, और पुलिस महकमा केवल औपचारिक तबादलों के जरिए अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेता है।

रघु ठाकुर ने भारतीय जनता पार्टी के बहुप्रचारित राम राज्य के दावों पर कटाक्ष करते हुए तुलसीदास जी की चौपाई को उद्धृत किया—दैहिक दैविक भौतिक तापा, राम राज्य काहू न व्यापा,और तीखा तंज कसते हुए कहा कि भाजपा के शासन में यह चौपाई उलट हो गई है— 'ताप ही तापा, नहीं बचा कोई, जेहूं नहीं व्यापा।

उन्होंने सवाल उठाया कि जब एक ईमानदार पुलिस अधिकारी को रेत और जुए के खिलाफ कार्रवाई करने पर माफियाओं से जान से मारने की धमकियाँ दी जाती हैं और वह सिस्टम से हारकर आत्महत्या कर लेता है, तो फिर आमजन की सुरक्षा की क्या गारंटी बचती है? राज्य में अपराधियों का बोलबाला- रघु ठाकुर ने कहा कि बीजेपी शासन में माफिया बेखौफ हो गए हैं और सरकार केवल दिखावटी आंकड़ों और प्रचार के सहारे जनता को भ्रमित कर रही है। उन्होंने मांग की कि प्रमोद पावन की आत्महत्या की उच्चस्तरीय न्यायिक जांच कराई जाए और जिन अधिकारियों ने उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित किया, उन पर हत्या का मुकदमा दर्ज हो।